खबर संक्षेप

## गणेश उत्सवः बच्चों की भक्ति और नृत्य से गूंजा परिसर



शहडोल। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वास्तिक गैलेक्सी परिवार ने पूरे भक्तिभाव के साथ गणेश उत्सव की शुरुआत की। 27 अगस्त 2025 को गैलेक्सी कंपाउंड में भगवान गणेश जी की प्रतिमा विराजमान की गई। दस दिवसीय इस आयोजन के अंतर्गत 30 अगस्त, शनिवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने भजन, श्लोक और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम में ईशान्वी प्रभाकर, मृत्युंजय सिंह, गौरवी, आध्याराज, यशी, वैदेही, मिस्का सिंह, चारु सोनी, समय, शिवांशी, दिव्यांशी गुप्ता, शौर्य गुप्ता, समृद्धि हिंदूजा, विराज सोनी, अभी, कृष्णा सहित कई बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुति को दर्शकों ने खुले मन से सराहा।गैलेक्सी परिवार से महेंद्र सराफ, मोहन दुबे, संदीप ताम्रकार, श्रीचंद नारवानी, संजय रूपचंदानी, डॉ. निशांत, महेंद्र मोटवानी (गुड्डू), अमित जगवानी, मुकेश गुप्ता, सुरज लालवानी, आनंद श्रीवास्तव, यश सोनी, विभा ताम्रकार, डॉ. नेहा, मंजू जगवानी, नेहुल दुबे, मीना देवी, सावित्री नारवानी, सारधा, सौम्या गुप्ता, सोनिका मंगलानी, शिखा सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, ज्योति गुप्ता सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## घर से लापता महिला का रेलवे पटरी पर मिला शव



शहडोल। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के मऊ गांव की रहने वाली 25 वर्षीय महिला जानकी राठौर का शव आज ब्यौहारी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की पटरी में दो हिस्सों में मिला। महिला पिछले दो दिनों से घर से लापता थी, जिसकी खोजबीन के लिए उसके पति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि महिला की मौत ट्रेन से कटने के कारण हुई है और मामले की जांच जारी है।पुलिस के अनुसार, जानकी राठौर अपने घर से 2 दिन पहले लापता हुई थीं। पति संपत राठौर ने बताया कि उनकी पत्नी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और उनका इलाज चल रहा था। उन्होंने कहा, मेरी पत्नी अचानक घर से चली गई। मैंने पुलिस में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। स्थानीय लोगों ने जब रेलवे ट्रैक पर शव को देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी अरुण पांडे ने इस मामले पर जानकारी देते हुए कहा, महिला की पहचान जानकी राठौर के रूप में की गई है। उनकी लापता होने की सूचना पहले ही पुलिस को मिली थी। हम मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। महिला की मानसिक स्थिति को देखते हुए यह संभावना है कि वह आत्महत्या करने का प्रयास कर रही थीं।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि, जानकी की मौत के वास्तविक कारण का अभी तक स्पष्ट ज्ञान नहीं हो पाया है। पुलिस ने इस मामले में आगे की जांच के लिए आवश्यक प्रक्रियाएँ शुरू कर दी हैं और स्थानीय लोगों से भी जानकारी एकत्रित किया जा रहा है। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की जांच करेगी फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर जांच जारी है।

## वाहन खरीद-फरोख्त में 2.07 लाख की ठगी

शहडोल। जिले में उपभोक्ता अधिकारों को चुनौती देती ठगी का मामला सामने आया है। केसरी ट्रेडर्स और इसके प्रोप्राइटर रामाकांत गुप्ता पर आरोप है कि उन्होंने वाहन की खरीद-फरोख्त के नाम पर न सिर्फ 2.07 लाख रुपए ऐंठे बल्कि गाड़ी पर अनुचित कब्जा भी जमा लिया।शिकायतकर्ता जेठानी ने 13 अगस्त 2025 को दर्ज प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने टाटा मिनरल वॉटर व्हीकल की खरीद के लिए पूरी रकम अदा की थी। वाहन उन्हें सौंपा तो गया, लेकिन लगातार खराबी के कारण उन्होंने कई बार मरम्मत और समाधान की मांग की। कंपनी न तो वाहन को सही कर सकी और न ही उन्हें संतोषजनक जवाब दिया। उल्टे वाहन अपने पास रखकर जबरन अतिरिक्त रकम की मांग की गई।पीड़ित का कहना है कि यह सीधा-सीधा धोखाधड़ी और गबन का मामला है। पैसे चुकाने के बाद भी न तो उन्हें वाहन लौटाया गया और न ही रकम वापस की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रोप्राइटर का व्यवहार पूरी तरह से अवैध है।

# चोरी का फिल्मी अंदाज़ः छत तोड़कर घुसा चोर धड़ाम से गिरा और टॉर्च की रोशनी में पार किया माल

### सीसीटीवी में कैद पूरी वारदात, वीडियो हुआ वायरल दुकानदार का पूर्व कर्मचारी निकला चोर, पुलिस तलाश में जुटी

कोयलांचल नगरी में चोरी का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने लोगों को हैरत में डाल दिया। गोल बाजार स्थित एक किराना दुकान में चोर छत तोड़कर घुसा, धड़ाम से गिरा, फिर टॉर्च की रोशनी में चोरी कर फरार हो गया।

धनपुरी ।



नगर में इन दिनों चोरी की एक अजब-गजब वारदात को लेकर सुर्खियों में है। गोल बाजार स्थित राय किराना स्टोर में घटी यह घटना किसी फिल्मी दृश्य से कम नहीं थी। दरअसल, दुकान का ही पूर्व कर्मचारी देर रात छत की एल्बेस्टार सीट तोड़कर चोरी करने पहुंचा।जैसे ही आरोपी दुकान में उतरने की कोशिश कर रहा था, वह कुछ देर तक छत से लटकता रहा और अचानक धड़ाम से नीचे गिर पड़ा। गिरने के बाद उसने खुद को परखा और यह देखकर कि गंभीर चोट नहीं आई है, उसने जेब से मोबाइल निकाला और टॉर्च की रोशनी जलाकर चोरी की योजना आगे बढ़ाई।टॉर्च की हल्की रोशनी में उसने पहले दुकान के काउंटर पर रखे सामान और कैश को देखा और फिर हाथ साफ कर फरार हो गया। लेकिन किस्मत ने उसका साथ नहीं दिया। जिस सीसीटीवी कैमरे को पिछली चोरी के बाद दुकान में लगाया गया था, उसी में उसकी हरकतें कैद हो गईं। यही नहीं, पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और लोगों ने मजाक में चुटकी लेते हुए लिखा "चोर चोरी से पहले स्टंट की प्रैक्टिस करना भूल गया।"गौरतलब है कि इसी दुकान में अप्रैल 2025 में भी चोरी हो चुकी थी। उस समय भी चोरों ने छत तोड़कर अंदर प्रवेश किया था और करीब 50 हजार रुपये से अधिक नकदी व सामान पर हाथ साफ कर दिया था। उसी घटना के बाद दुकानदार ने सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे। और इस बार, इन्हीं कैमरों ने आरोपी की पहचान उजागर कर दी।धनपुरी एसडीओपी विकास पांडे ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से साफ हुआ है कि दुकान का पूर्व कर्मचारी ही वारदात को अंजाम दे रहा था। आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## मुर्दों के नाम पर हजम किए 55 हजार मझौली सचिव का कारनामा बेनकाब

### मृत घोषित कर निकाले पैसे, परिजन आज भी भटक रहे नियमों को ताक पर रखकर पोर्टल में नहीं किए आवेदन

शहडोल।

पंचायत सचिवों के कारनामों से जिले की साख बार-बार सवालों में घिरती रही है। कभी ईंट, कभी ड्राई फ्रूट तो कभी फर्जी बिलों के नाम पर की गई हेराफेरी के बाद अब मझौली के सचिव सुंदरलाल रजक पर गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि उन्होंने 12 मृतकों के नाम पर 55 हजार रुपये की राशि निकालकर हड़प ली।प्राप्त ट्रांजेक्शन विवरण के अनुसार, 17 सितंबर 2024 से लेकर 9 जुलाई 2025 तक सुंदरलाल रजक ने अलग-अलग बाउचर के जरिए कुल 55 हजार रुपये अपने निजी खाते में अंत्येष्टि सहायता के नाम पर निकाले। नियमानुसार यह राशि मृतक परिजनों को दी जानी थी, लेकिन परिजनों का आरोप है कि उन्हें एक पैसा भी नहीं मिला।मृतक परिजन मोहनलाल पटेल ने बताया कि उन्होंने मृत्यु के तीन-चार दिन बाद ही आवेदन दिया था, लेकिन आठ माह बीत जाने के बाद भी सहायता राशि नहीं मिली। वहीं वीरेंद्र रजक ने कहा कि सचिव ने उन्हें अपात्र बताकर राशि से वंचित कर दिया, जबकि सचिव ने स्वयं उनके नाम पर पैसे निकाल लिए।नियम स्पष्ट हैं कि अंत्येष्टि सहायता राशि निकालने से पहले आवेदन संबल जनकल्याण पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य है। लेकिन जांच में सामने आया कि किसी भी मृतक का आवेदन पोर्टल पर दर्ज ही नहीं किया गया। इसके बावजूद राशि की निकासी की गई, जो स्पष्ट रूप से खयानत और गबन का मामला है।सवाल यह है कि यदि मृतक अपात्र थे, तो राशि निकाली ही क्यों गई? पोर्टल पर एंट्री किए बिना सचिव के निजी खाते में सीधे राशि जाना इस बात का प्रमाण है कि यह रकम परिजनों तक पहुंचाने की नीयत से नहीं, बल्कि हड़पने की नीयत से उठाई गई थी।



## विद्युत कनेक्शन काटने के नाम धोखाधड़ीः शिक्षक से खाते से उड़ाएं 4.10 लाख , आरोपी छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

शहडोल।

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से अमलाई पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षक के खाते से 4.10 लाख रुपए की धोखाधड़ी की थी। यह मामला 16 मार्च 2024 को तब सामने आया जब शिक्षक प्रमोद पांडेय के पास आरोपी दया साहू का फोन आया, जिसमें उसे विद्युत विभाग से एसडीओ बता कर कनेक्शन काटने की धमकी दी गई। धोखाधड़ी का यह मामला अब पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है। घटना एक साल पहले घटी थी, पुलिस घटना दिनांक से ही आरोपी का पता लगाने में जुटी थी, साइबर सेल भी इस पर काम कर रहा था आरोपी की लोकेशन अभी पुलिस को मिली जिसके बाद पुलिस छत्तीसगढ़ पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार, फोन करने वाले आरोपी ने कहा, आपके घर का विद्युत बिल जमा नहीं हुआ है और अगर आप मामले का समाधान नहीं करते हैं तो आपका कनेक्शन काट दिया जाएगा।आरोपी ने शिक्षक से केवल 19 रुपए का रिचार्ज करने के लिए कहा, जिसके लिए एक एनीडेस्क का लिंक भेजा गया। शिक्षक ने धोखे में आकर ओटीपी बताया और इसके बाद उनके खाते से 4.10 लाख रुपए उड़ गए।प्रमोद पांडेय ने तुरंत इस घटना की



शिकायत अमलाई थाने में दर्ज कराई। इस मामले की विवेचना करते हुए पुलिस ने सायबर सेल की मदद से आरोपी दया साहू को रायगढ़ से गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा, हमें आरोपी का पता चला और हमारी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 50 हजार रुपए नकद बरामद हुए हैं और हमने उसके अन्य सहयोगियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की योजना बनाई है।धोखाधड़ी के इस मामले में शिक्षक प्रमोद पांडेय ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इस तरह के धोखे का शिकार बनूंगा। यह एक गंभीर मुद्दा है और हमें इसके खिलाफ जागरूक रहना चाहिए। पुलिस के अनुसार, दया साहू ने जो पैसे ठगी करके कमाए थे, उन्हें अपने अन्य साथियों के खातों में ट्रांसफर कर दिया था। इस मामले में एक अन्य आरोपी लखन सुनसान के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है और उसकी तलाश जारी है।

## 'हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान' अभियान का पोस्टर विमोचन



शहडोल।

हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान₹ अभियान के अंतर्गत सोमवार को जिले में एक महत्वपूर्ण आयोजन किया गया। उपायुक्त आदिवासी विकास जे.पी. यादव एवं संयुक्त संचालक शिक्षा उमेश धुर्वे ने संयुक्त रूप से अभियान के पोस्टर का विमोचन किया।मध्य प्रदेश शिक्षा संघ के अध्यक्ष लालजी तिवारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह अभियान 1 सितंबर को देशभर के पाँच लाख विद्यालयों में एक साथ मनाया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक विद्यालय में विद्यार्थियों को ₹हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान₹ शपथ अनिवार्य रूप से दिलाई जाएगी। साथ ही सभी संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि इस आयोजन की फोटोग्राफी एवं वीडियो रिकॉर्डिंग कर प्रेषित करें।इस अवसर पर शिक्षा विभाग एवं संगठन से जुड़े अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रांतीय आयाम प्रमुख अरुण मिश्रा, हरिहर प्रताप सिंह, संभागीय सचिव एम.एस. बैस, सत्य प्रकाश गौतम, पुष्पराज सिंह, मीडिया प्रमुख महेंद्र त्रिपाठी, संजय गुप्ता, आलोक त्रिपाठी, जिला महिला प्रकोष्ठ प्रमुख मीनाक्षी तिवारी, सह प्रमुख डॉ. मनोज श्रीवास्तव, तहसील अध्यक्ष सोहागपुर बृज जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष सोहागपुर मनीष गौतम एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष ब्रजनाथ तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई: ट्रक से 26 मवेशी बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

शहडोल।

देवलौंद पुलिस ने पशु तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 26 मवेशियों को मुक्त कराया और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस ने फॉरेस्ट बैरियर चाचाई के पास मुखबिर की सूचना पर की।पुलिस को सूचना मिली थी कि एक ट्रक नंबर सीजी 04 एनबी 7921 में मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर रीवा की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर तत्काल नाकेबंदी की गई। जैसे ही ट्रक को रोका गया, उसमें सवार तीन आरोपी भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।जांच के दौरान ट्रक से 26 भैंस और अन्य मवेशी बरामद किए



गए, जिन्हें आरोपियों के कब्जे से मुक्त कराया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान वाल्मीक साकेत निवासी रामपुर सतना, सलीद खान और राफी खान निवासी मझौली जिला सीधी के रूप में हुई है।थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि इस मामले में छह लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें वाहन मालिक भी शामिल है। तीन आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित कर दी गई है।इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक दिनेश शुक्ला सहित पुलिस दल की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## शहडोल में बस माफिया का खुलासा: परिवहन विभाग की मिलीभगत से अवैध संचालन बेखौफ जारी

शहडोल।

जिले में परिवहन विभाग की लापरवाही और अधिकारियों की मिलीभगत का बड़ा मामला सामने आया है। ग्राम बरकोटा निवासी अजय कुमार साहू ने परिवहन विभाग को लिखित शिकायत देकर कटनी-शहडोल सहित कई रूटों पर चल रही बसों के अवैध संचालन का पर्दाफाश किया है।शिकायत में बताया गया है कि विजय प्रकाश मिश्रा निवासी कटनी बीते 15 वर्षों से संदिग्ध और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बसें चला रहा है। कई वाहनों के पास न तो परमिट है और न ही बीमा अथवा फिटनेस प्रमाण पत्र। इसके बावजूद विभागीय अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।शिकायत में जिन गाड़ियों का जिक्र है, उनके नंबर हैं – एमपी 16पी 0252, एमपी 20पीए 0271, एमपी09एफ ए 3323, एमपी। 09एफ ए 4533, एमपी 09एफ ए 1771, एमपी07एफ2005, एमपी 09एएफ1769 और डीएल1पीसी4743। इन बसों का वर्षों से बिना फिटनेस जांच और बिना अनुमति सड़कों पर दौड़ना इस बात का प्रमाण है कि परिवहन विभाग की शह पर यह पूरा खेल चल रहा है।यात्रियों से मनमाना किराया वसूलना, अन्य बस मालिकों पर दबाव बनाना और नियमों की खुलेआम अनदेखी – यह सब यात्री सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। शिकायतकर्ता ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इन बसों पर रोक नहीं लगाई गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी सीधी जिम्मेदारी परिवहन विभाग और उसके अधिकारियों की होगी।जाहिर है, प्रदेश सरकार के दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा फर्क है। बस माफिया और अधिकारियों की मिलीभगत से सड़क सुरक्षा और यात्रियों की जान दोनों दांव पर लगी हैं।

## जर्मनी में चमकेंगे शहडोल के मिनी ब्राज़ील के नन्हे सितारे 'मिनी ब्राजील' ने फिर जगाया उम्मीदों का सूरज







### विचारपुर से निकले 80 राष्ट्रीय खिलाड़ी, फुटबॉल क्रांति ने साकार किया सपना सरकार और प्रधानमंत्री की तारीफ ने खिलाए गांव के फुटबॉल खिलाड़ियों के चेहरेजर्मनी प्रशिक्षण से सशक्त होगा शहडोल का फुटबॉल भविष्य

शहडोल

शहडोल के विचारपुर गांव, जिसे प्रधानमंत्री ने 'मिनी ब्राजील' का नाम दिया, फिर सुर्खियों में है। यहां से 80 राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल चुके हैं, जिनमें से कई विदेशी प्रशिक्षण और सरकारी नौकरियों से भी जुड़े हैं। जर्मनी में प्रशिक्षण के अवसर और सुरेंद्र कुंड जैसे फुटबॉल प्रेमियों की मेहनत इस गांव का फुटबॉल इतिहास संजीव बना रही है।

फोटो क्रमांक-12,13,14शहडोल । जिले के विचारपुर गांव को फुटबॉल के जुनून ने 'मिनी ब्राजील' की उपाधि दिलाई है सिर्फ इसलिए नहीं कि यहां खेल की दीवानगी है, बल्कि इसके खिलाड़ियों में वो क्षमता है कि वह राष्ट्रीय और अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर आगाज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" और पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में इस गांव और इसके फुटबॉल खिलाड़ियों का उल्लेख किया जिसने अंतरराष्ट्रीय कोच डायटमार बेयर्सडॉर्फर को आकर्षित कर दिया। अब चार खिलाड़ी और एक प्रशिक्षक अक्टूबर में जर्मनी जा रहे हैं, जहां उन्हें आधुनिक फुटबॉल अकादमी में प्रशिक्षण मिलेगा।सफलता की कहानी में सरकारी समर्थनमध्य प्रदेश सरकार ने अब विचारपुर में फुटबॉल केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह केन्द्र बच्चों के लिए प्रशिक्षण, ग्राउंड, जिम, फिटनेस मॉनिटरिंग और कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराएगा। पहले चरण में 50 युवा प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा । फुटबॉल क्रांति अभियान और 'मिनी ब्राजील' विजन ने यह बताया कि जब एक गांव प्रतिभा को प्रोत्साहित करता है, तो बड़े बदलाव होते हैं।जर्मनी की ट्रेनिंगः सपना साकार होनाअब बात आई है उस मंच की, जहां जर्मन कोच डायटमार बेयर्सडॉर्फर ने स्थानीय खिलाड़ियों के कौशल से प्रभावित होकर उन्हें जर्मनी बुलाने की इच्छा जताई। मध्य प्रदेश सरकार ने तुरंत नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी और अक्टूबर माह में चार खिलाड़ियों दो बालक, दो बालिकाएं और एक प्रशिक्षक को आधुनिक सुविधाओं वाले अकादमी में भेजने की घोषणा की। प्रशासन इस मौके का पूरा खर्च वहन करेगा।सामाजिक और आर्थिक लाभइस पहल से सिर्फ खिलाड़ियों को प्रशिक्षण नहीं मिलेगा, बल्कि गांव का सामाजिक और आर्थिक स्वरूप बदलेगा। प्रधानमंत्री ने जब दूसरी बार "मिनी ब्राजील" का ज़िक्र किया तब यह स्पष्ट हुआ कि यह गांव केवल खेल नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला केंद्र बन चुका है, सुरेंद्र कुंड, जिन्हें विचारपुर का फुटबॉल पितामह कहा जाता है, ने अपने खेत दान कर गांव में खेल का बीज बोया। उनका साक्ष्य आज खेल प्रेम और बदलाव के सिद्धांत हैं।जर्मनी में प्रशिक्षण से लौटने के बाद ये खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में हिस्सा लेकर शहडोल और राज्य का मान बढ़ाएंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि राज्य सरकार भी मैदान, सुविधाएं और अन्य बुनियादी ढांचे मजबूत करे। इस प्रेरक कहानी से यह स्पष्ट होता है कि जब प्रतिभा को अवसर मिलता है, तब वह अमेरिका या जर्मनी जैसी जगह पर भी दमखम दिखा सकता है।

## खबर संक्षेप

### पीएम जनमन, धरती आबा अभियान के तहत 3 व 4 सितंबर को होंगे विकासखंड स्तरीय शिविर

**उमरिया।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय द्वारा धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से हितग्राही मूलक योजनाओं का सेचुरेशन कैंप आयोजित किया जा रहा है।अभियान के तहत जिले के विभिन्न विकासखंड स्तर पर 3 एवं 4 सितंबर को ग्रामों में शिविर लगाए जाएंगे। जिला पंचायत के सीईओ अभय सिंह ने बताया कि ग्राम नरवार, नयागांव, परासी, पठारी, कुशमहाखुर्द एवं भरौला में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।शिविरों के संचालन हेतु स्वास्थ्य सेवाओं और योजना लाभ वितरण की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। इसके लिए सीएचओ, एएनएम एवं ऑपरेटरों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं सीईओ ने बीपीएम को निर्देश दिए कि शिविरों की कार्यवाही का प्रतिदिन सायं 5 बजे तक संधारित प्रतिवेदन तैयार कर जिला कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।इन शिविरों के माध्यम से जनजातीय समुदाय के हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### चल रहा पेज पाठशाला



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** मुनि श्री प्रणुत सागर जी के मंगल सानिध्य में वर्ष 2025 धर्म प्रभावक सम्मान समारोह उज्जैन मध्यप्रदेश में 150 धर्म प्रभावकों में कोतमा नगर की बालिका सुभी जैन संस्कृति यह रील्स जैन कालेज प्रोरटी के माध्यम से निरंतर धर्म प्रभावना क्षेत्र में तत्पर हैं वर्ष 2023 से यह पेज पाठशाला प्रणेता मुनि श्री निर्वेगसागर जी के आशीर्वाद से चल रहा हैं।

### विधि विधान के साथ मनाया गया राधारानी का जन्मोत्सव



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के पंचायती मंदिर में रविवार को राधा अष्टमी यानी राधारानी का जन्मोत्सव धार्मिक विधिविधान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राधारानी का जलाभिषेक मंदिर के पुजारी और श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। इसी क्रम में राधा-माधव को नई-नई पोशाकें पहना कर भव्य श्रृंगार करते हुए मंदिर को फूलों से सजाया गया था। इस अवसर पर पंचायती मंदिर के पुजारी कुंज बिहारी मिश्रा ने कहा कि राधा रानी भगवान श्रीकृष्ण को बेहद प्रिय थी। वह हमेशा उनकी सेवा करती रहती थी। इसलिए भगवान कृष्ण से पहले राधा जी का नाम लिया जाता है। भक्त को मन से भगवान की भक्ति करनी चाहिए। सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य पूर्ण होती है। भगवान तो भाव के भूखे हैं। हमेशा सही दिल से उनकी प्रार्थना करनी चाहिए। इस दौरान भजन-कीर्तन का दौर कई घंटे तक चला। मंदिर परिसर में कन्या भोज का आयोजन भी किया गया था। मंदिर परिसर में राधा नाम संकीर्तन के साथ ही महाप्रसाद का वितरण भी किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इसी प्रकार नगर के अन्य राधा-गोविंद मंदिरों में भी राधा अष्टमी मनाई गई।

### सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 21 सितंबर से 25 सितंबर तक

**उमरिया।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीताराम ने बताया कि शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह के संयोजन में सांसद खेल महोत्सव आओ खेलें देश को आगे बढ़ाएं थीम पर यह आयोजन आयोजन 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक किया जा रहा है

# तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का सायकिल रैली के साथ हुआ भव्य समापन

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर पूरे जिले में उमड़ा खेलों का उत्साह सभी आयु वर्ग के लोगों ने दिखाई खेलों के प्रति जागरूकता





उमरिया।

मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खेल दिवस एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में जिले में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन और पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए इस आयोजन का समापन शुक्रवार को अमर शहीद स्टेडियम ग्राउंड से निकाली गई भव्य सायकिल रैली के साथ हुआ।शहर की सड़कों पर निकली रंगारंग सायकिल रैलीकार्यक्रम के अंतिम दिन अमर शहीद स्टेडियम से सायकिल रैली की शुरुआत की गई। इसमें सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीताराम, एसडीओपी नागेंद्र सिंह सहित सैकड़ों बच्चों, युवाओं और नागरिकों ने भाग लिया।रैली स्टेडियम से प्रारंभ होकर रणविजय चौक, गांधी चौक, जयस्तंभ चौक, पुराना बस स्टैंड, रानी दुर्गावती चौक, सगरा तिराहा से होते हुए पुनः स्टेडियम में आकर संपन्न हुई। इस दौरान शहर खेलमय वातावरण में डूबा नजर आया और लोगों ने खेलों के महत्व का संदेश दिया।स्कूलों और संस्थाओं की रही विशेष भागीदारीसायकिल रैली में जिले के कई विद्यालयों और संस्थानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।आर.सी. स्कूल, शासकीय कन्या उमावि, शाला सज्जन उमावि, एनसीसी सेंट्रल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छोटे बच्चों से लेकर युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों तक की उपस्थिति ने रैली को खास बना दिया।अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी रहे शामिलकार्यक्रम के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी, शिक्षक और खेलप्रेमी मौजूद रहे।इसमें जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी, थाना प्रभारी कोतवाली मदन मरावी, यातायात थाना प्रभारी सी.के. तिवारी, सूबेदार अमित विश्वकर्मा प्रमुख रहे। शिक्षा विभाग से प्राचार्य प्रदीप सिंह गहलोत, विनोद मिश्रा, के.व्ही. विनीत, व्यायाम निदेशक मुकेश झरिया तथा आदिम जाति कल्याण विभाग से शिवम सोंधिया, राहुल बर्मन, अतुल रजक, ओम सोंधिया उपस्थित थे।साथ ही, जिला सायकिल संघ और जिला हैंडबॉल संघ से आकाश बर्मन, दीपम दर्द्वंशी तथा खेल विभाग से प्रशिक्षक संजय सिंह लोधी, प्रवीण पसेरिया और पवन कुमार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।खेलों के महत्व पर दिया गया संदेशसमापन अवसर पर वक्ताओं ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक मजबूती प्रदान करते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और मानसिक संतुलन को भी मजबूत बनाते हैं। युवाओं को खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया। खेलों के प्रति जागरूकता का संदेशतीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और युवाओं ने उत्साह से भाग लिया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की गई और जिले में खेल संस्कृति को और प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया गया।

## सेंट्रल एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल में एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को दी गई रोकथाम और सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी

### विशेषज्ञों ने एचआईवी एक्ट 2017 एवं टेस्टिंग की प्रक्रिया पर किया मार्गदर्शन




उमरिया।

सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को सेंट्रल एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल बड़ेरी में एचआईवी-एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को एचआईवी के संक्रमण, इसके बचाव और रोकथाम के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई।विशेषज्ञों ने दी जानकारीमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस. चंदेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. मुकुल तिवारी डीटीओ एवं जिला एड्स नोडल अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि एचआईवी किन-किन कारणों से फैलता है और इससे बचाव कैसे संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को एचआईवी एक्ट 2017 की मुख्य धाराओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की।एसटीआई और आरटीआई पर चर्चाएसटीआई क्लीनिक से डीएसआरसी परामर्शदाता शिवांशु सिंगौर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए यौन संचारित संक्रमण और प्रजनन तंत्र संक्रमण के बारे में बताया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एसटीआई होने पर एचआईवी का खतरा सामान्य की तुलना में 10 गुना अधिक हो जाता है।टेस्टिंग और हेल्पलाइन नंबर की जानकारीकार्यक्रम में आईसीटीसी लैब टेक्नीशियन अनुज रजक ने विद्यार्थियों को एचआईवी की टेस्टिंग प्रक्रिया और उसकी महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1097 की जानकारी भी दी, जिससे कोई भी व्यक्ति गोपनीय रूप से एचआईवी से संबंधित जानकारी और परामर्श प्राप्त कर सकता है। पम्पलेट वितरण और विद्यालय का सहयोगजागरूकता कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को आईईसी पम्पलेट वितरित किए गए, जिनमें एचआईवी से संबंधित जानकारी और बचाव के तरीके लिखे थे। विद्यालय की प्रिंसिपल मैडम एवं समस्त स्टाफ ने इस कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### ग्रामीणों को दी गई सुरक्षा, शिक्षा और नशामुक्ति की जानकारी

## प्रशिक्षुओं ने गाँवों में जाकर जानी समस्याएँ



उमरिया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण पुलिस मुख्यालय भोपाल राजाबाबू सिंह के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार वैश्य के मार्गदर्शन में पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया द्वारा "गाँव संपर्क सामुदायिक पहुँच कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षकों के साथ इकाई द्वारा गोद लिए गए 8 ग्रामों कछरवार, अचला, छटन, महरोई, भंगहा, तखतपुर, बड़ेरी तथा घघडार का भ्रमण कराया गया।चौपाल में हुई समस्याओं पर चर्चाभ्रमण के दौरान गाँवों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें सरपंच, उपसरपंच, सचिव, बुजुर्गों व ग्रामीणों ने भाग लिया। चौपाल में बिजली, पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी समस्याओं पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को खुलकर साझा किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि इन समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों को सूचित कर समाधान कराया जाएगा।ग्रामीणों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारियाँ कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों को आपातकालीन नंबर 112, नए आपराधिक कानून, यातायात नियमों, राहवीर योजना, महिला और बाल अपराध, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा एवं करियर मार्गदर्शन जैसे विषयों पर जानकारी दी गई।प्रशिक्षुओं को मिला व्यवहारिक ज्ञानइस कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं को सामुदायिक पुलिसिंग, संवाद कौशल, बच्चों और महिलाओं के साथ व्यवहार, जनता के साथ संवाद, बीट प्रणाली एवं प्रबंधन, इनफॉरमेशन और ऑब्जर्वेशन नोटबुक आदि के संबंध में व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।मुख्यालय द्वारा निर्धारित चेकलिस्ट के आधार पर प्रशिक्षुओं ने ग्रामीणों से बिजली, पानी, स्वच्छता, नशामुक्ति, अपराध, खेती, जैविक खाद, आंगनबाड़ी, खेल और पशुपालन से संबंधित जानकारी एकत्रित की।




## खेल दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

ग्रामीण युवा केंद्र कोतमा खेल एवं युवा कल्याण विभाग अनूपपुर के तत्वाधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त से 31 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 29 अगस्त को शासकीय मॉडल उत्तर माध्यमिक विद्यालय कोतमा में मुख्य अतिथि अतिथियों द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर शपथ ग्रहण करते हुए कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता मे बालक बालिकाओं ने भाग लिया और विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। 30 अगस्त को सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल कोतमा में सेमिनार एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से छात्र छात्राओं को मानसिक शारीरिक और पोषण आहार के बारे में जानकारी दिया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। 31 अगस्त को साइकिल रैली का आयोजन किया गया । तीन दिवसीय खेलकूद कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद पटेल प्राचार्य शासकीय मॉडल उत्तर माध्यमिक विद्यालय कोतमा जिला एथलेटिक्स विकास मंच सचिव बादल राय परमजीत सिंह राष्ट्रीय सीनियर खिलाड़ी मिथलेश सिंह नेताम ग्रामीण युवा केंद्र समन्वयक विकासखंड कोतमा अक्षय श्रीवास्तव जगदीश सिंह भारत लाल प्रजापति विद्याभूषण चौधरी रजनी कुमारी रोहित पनिका बृजेश चौधरी आकांक्षा मिश्रा सुखमति लोधी नजीब अशरफ भोला मिंज जमीर खान उपस्थित थे।

## आदर्श कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुआ खेलों का भव्य आयोजन





### छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने लिया खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सामेजर ध्यानचंद को दी गई श्रद्धांजलि, फिटनेस के लिए प्रेरित हुए विद्यार्थी

उमरिया।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शासकीय आदर्श महाविद्यालय में 29 और 30 अगस्त को दो दिवसीय खेल आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार हुए इस आयोजन में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने विभिन्न आउटडोर और इनडोर खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।माल्यार्पण से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभकार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी.बी. सोधिया द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने "मेजर ध्यानचंद अमर रहें" के जयघोष के साथ खेल दिवस का शुभारंभ किया।विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजनफिट इंडिया मूवमेंट के आह्वान पर महाविद्यालय में खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया गया। खेल अधिकारी महेंद्र कनौजिया के नेतृत्व में विद्यार्थियों के बीच शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, कबड्डी और खो-खो जैसी प्रतियोगिताएँ संपन्न हुईं।इन खेलों का उद्देश्य छात्रों को फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना तथा खेलों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित करना रहा।विद्यार्थियों को मिला फिटनेस का संदेशमहाविद्यालय परिवार की ओर से यह विशेष पहल की गई कि विद्यार्थी केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि खेलकूद और योग जैसी गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करें। इस दौरान महाविद्यालय के बीए, बीएससी और बीकॉम के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।मेजर ध्यानचंद की जीवनी से ली प्रेरणाकार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अभय पांडे, डॉ. नियाज़ अंसारी और डॉ. राजीव तिवारी ने विद्यार्थियों को हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जीवन एवं योगदान से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मेजर ध्यानचंद ने भारत को लगातार तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाकर देश का नाम रोशन किया। उनकी मेहनत, लगन और समर्पण से विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया।आयोजन में रहा पूरे स्टाफ का सहयोगखेल आयोजन की सफलता में महाविद्यालय परिवार के शिक्षकों और कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। इसमें डॉ. विजय डाबर, डॉ. निशी कर्ण, सुनील हिरवे, डॉ. सत्येंद्र महोबिया, डॉ. रामवृक्ष द्विवेदी, डॉ. रिचा तिवारी, डॉ. रश्मि साकेत और डॉ. रूपलता सहित समस्त स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने खेलों के आयोजन में सहयोग कर इसे सफल बनाया।

## ढोल नगाड़ों साथ गणपति बप्पा मोरिया के गूंज रहे जयघोष

कोतमा।

नगर में गली-गली में ढोल नगाड़ों और डीजे के साथ गणपति बप्पा मोरिया, मंगलमूर्ति मोरिया के जयघोष गूंज रहे हैं। इधर, घरों में शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ विघ्नहर्ता भगवान गणेश की बुधवार को स्थापना हुई, वहीं नगर में करीब एक दर्जन स्थानों पर बड़े पंडाल लगाकर आकर्षक झांकियां सजाकर गौरीनंदन की स्थापना की गई है। बुधवार को गणेश स्थापना के साथ ही 10 दिवसीय गणेश उत्सव की शुरुआत हो गई। इस दौरान नगर में सुबह से ही उत्सव का माहौल बना रहता है। गली-गली में ढोल नगाड़ों और डीजे के साथ गणपति बप्पा मोरिया, मंगलमूर्ति मोरिया के जयघोष गूंज रहे हैं। घरों में भी विधि-विधान के साथ विघ्नहर्ता भगवान गणेश की स्थापना की गई है। नगर में करीब एक दर्जन स्थानों पर बड़े पंडाल लगाकर आकर्षक झांकियां सजाकर गौरीनंदन की स्थापना की गई हैं। विध्नहर्ता के घर आने पर भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता राहुल श्रीवास्तव के घर मे गणपति बप्पा की प्रतिमा की स्थापना की गई। आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पंडालों ने नगर में रौनक बिखेर दी। आकर्षक सजावट के साथ डीजे पर गूंज रहे गणेश भजनों से नगर गजानन की भक्ति में डूबा नजर आ रहा है। पंडालों मे रात के समय आरती में श्रद्धालु बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है।



## खबर संक्षेप



### विधिक साक्षरता शिविर में दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां

**ढीमरखेड़ा।** तहसील मुख्यालय मैं स्थित व्यवहार न्यायालय में न्यायाधीश सुश्री पूर्वी तिवारी के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को कानून के विषय में जानकारी दी गई जिसमें मजदूरी से बने कानून की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बतलाया कि बाल मजदूरी अपराध की श्रेणी में आता है। कम उम्र की लड़कियों एवं लड़कों को मजदूरी न करवाए ऐसी में शिकायत होने पर कार्यवाही का प्रावधान है। पढ़ने लिखने की उम्र में बच्चों से काम करवाना बिल्कुल भी उचित नहीं है सभी के माता-पिता से हम कहते हैं कि अपने अपने बच्चों को स्कूल भेजें और पढ़ लिखकर एक समाज के जिम्मेदार नागरिक बनाऐ एवं गाड़ी वाहन चलाते हुए हेलमेट का उपयोग करें गाड़ी के सभी कागज बीमा ड्राइवर लाइसेंस आदि होना अनिवार्य है। नाबालिक बच्चों को गाड़ी ना दे और यातायात कि नियमों का पालन करते हुए आप लोग गाड़ी चलाएं और शराब पीकर तो बिल्कुल भी गाड़ी न चलाई है नियम के विरुद्ध एवं अपराध की श्रेणी में आता है।

### 15 सितंबर से शुरू होंगे खरीफ फसलों के पंजीयन

**कटनी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए किसानों का पंजीयन 15 सितंबर से शुरू हो रहा है। पंजीयन का कार्य रविवार और अन्य शासकीय छुट्टियों को छोड़कर 10 अक्टूबर तक सभी कार्य दिवसों में किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने पंजीयन के दौरान बेहतर व्यवस्था प्राप्त करने के लिए किसानों से उनका आधार नंबर, बैंक खाता और मोबाइल नंबर आपस में लिंक और अपडेटेड रखने की अपील की है। यदि किसी किसान का बैंक खाता या मोबाइल नंबर, आधार से अपडेट नहीं है, तो वे अपने नजदीकी आधार केंद्र में जाकर इसे अपडेट करवा सकते हैं।

### संदीपनि विद्यालय करेला की छात्राएं क्षेत्रीय नृत्य कला में जिले में टाप



**बरही।** तहसील अंतर्गत करेला में संचालित श्रेत्र का सर्व सुविधायुक्त सीएम राइज संदीपनि विद्यालय की छात्राएं क्षेत्रीय नृत्य कला उत्सव प्रतियोगिता के जिले में अपनी टीम के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। शासकीय उच्चतर उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें करेला की छात्राएं जिले में खिताब जीता विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी गई।

# बंगवार भूमिगत माइंस में ऐतिहासिक सम्मान समारोह, माइनिंग सरदार रावेंद्र शुक्ला हुए सेवानिवृत्त







**धनपुरी।**

एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत बंगवार भूमिगत माइंस में कार्यरत माइनिंग सरदार रावेंद्र शुक्ला तथा उनके सहकर्मी बृजेश त्रिपाठी 31 अगस्त 2025 को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर बंगवार माइंस के गेट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक श्री शुक्ला का स्वागत भव्य रूप से किया गया। फोर व्हीलर वाहन में सवार होकर, बैंड बाजा और ₹लाल झंडा–लाल सलाम₹ के नारों के बीच साथियों ने ऐतिहासिक सम्मान यात्रा निकाली, जिसने पूरे परिसर को भावनात्मक माहौल से भर दिया।41 वर्ष 11 माह 17 दिन की गौरवशाली सेवारावेंद्र शुक्ला ने चार दशक से अधिक समय तक कोल इंडिया की सेवा की। संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) सोहागपुर क्षेत्र के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने श्रमिकों के अधिकारों व संगठन की मजबूती के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने 41 वर्ष 11 माह और 17 दिन तक निरंतर सेवा देकर कंपनी व क्षेत्र दोनों का गौरव बढ़ाया।एटक यूनियन के बैनर तले हुआ सम्मान समारोहसेवानिवृत्ति अवसर पर बंगवार भूमिगत माइंस परिसर में एटक यूनियन के बैनर तले भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमलाई–बंगवार–दामिनी उपक्षेत्रीय महाप्रबंधक (जीएम) संजय सिंह तथा खान प्रबंधक डी.आर. कुर्रे रहे।मुख्य अतिथि श्री सिंह ने रावेंद्र शुक्ला को शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा –₹शुक्ला जी हमेशा कंपनी के हित में सोचते और संगठन व उत्पादन दोनों के लिए लाभकारी रहे। आज समारोह में उमड़ी भीड़ ही उनके योगदान और लोकप्रियता की गवाही दे रही है।₹संगठनों का मिलाजुला सम्मानकार्यक्रम में कार्मिक प्रबंधक श्री बनर्जी ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर उपस्थित जेसीसी व वेलफेयर श्रमिक संगठन के पदाधिकारीगण सहित अन्य यूनियनों के नेताओं ने भी रावेंद्र शुक्ला को बुके भेंट कर सम्मानित किया।सभी वक्ताओं ने कहा कि शुक्ला जी ने सदैव संगठन को परिवार मानते हुए साथियों के हक–अधिकारों की लड़ाई लड़ी और कार्यस्थल पर अनुशासन व सहयोग का माहौल बनाए रखा।सेवानिवृत्त माइनिंग सरदार का भावुक संबोधनअपने उद्बोधन में रावेंद्र शुक्ला ने भावुक होते हुए कहा –₹मेरे 42 साल की सेवा अवधि में सबसे बड़ी उपलब्धि यही रही कि कभी भी कार्यस्थल पर किसी को चोट न आई। मैंने सभी को अपना परिवार समझा और परिवार की तरह ही साथ दिया। आज मुझे जो सम्मान और प्रेम मिला है, वह मेरे बच्चों की परवरिश और जीवन की पूंजी है। कोल इंडिया व बंगवार परिवार के प्रति मैं सदैव आभारी रहूंगा। यदि सेवा काल में कोई भूल–चूक हुई हो तो साथी क्षमा करें।₹कार्यक्रम का समापनसम्मान समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उपस्थित सभी श्रमिक संगठनों और पदाधिकारियों ने रावेंद्र शुक्ला के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके स्वस्थ, सुखमय जीवन की शुभकामनाएँ दीं।

## जेसीसी में आयोजित हुई बैठक, लिया गया निर्णय

# नवागत जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष का 2 सितंबर को नगर स्वागत, बाइक रैली



**बुढार।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवागत जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी का 2 सितंबर को नगर प्रवास को लेकर बरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं धनपुरी नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल के जेसीसी में आयोजित बैठक में लिया गया निर्णय। ब्लाक अध्यक्ष राजीव शर्मा के नेतृत्व में बुढार नगर में आगामी 2 सितंबर को मारुति नंदन कटकोना से बाइक रैली के साथ नगर में ऐतिहासिक स्वागत की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है साथ ही जिलाध्यक्ष श्री अवस्थी का जैतपुर चौराहे, लोहिया चौंक, से होते हुए न्यायालय चौंक पर स्थित पुर्व राज्यपाल स्व कृष्णपाल सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कालेज चौराहे में भी स्वागत कांग्रेस जन करेंगे उसके उपरांत धनपुरी आजाद चौक होते हुए धनपुरी 3 नम्बर में कांग्रेस के जिला पदाधिकारी शोभा राम पटेल के द्वारा स्वागत किया जायेगा। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता हनुमान खंडेलवाल, मुबारक मास्टर बलमीत सिंह खानुजा,सुजीत सिंह चंदेल, शोमा राम पटेल,कमलेश शर्मा, विनोद पाठक,नौशेरमा खान,मो शाबिर, हर्ष पाठक,जवाहर लाल,मो कद्दूश सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# सेंट जोसेफ विद्यालय में खेल दिवस पर उत्साह, बच्चों ने मेजर ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि

**मरिया**

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर पूरे देश में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इसी कड़ी में विकासखंड पाली में भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस आयोजन की मुख्य विशेषता रही सेंट जोसेफ विद्यालय, जहां बच्चों ने उत्साह के साथ खेलों में भाग लेकर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की।30 अगस्त को विद्यालय परिसर में पूर्व खेल अधिकारी एस.पी. तिवारी और राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं निर्णायक जे.पी. गोस्वामी की उपस्थिति में सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को खेल दिवस के महत्व और मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। बच्चों ने बारीकी से जाना कि किस तरह ध्यानचंद ने हॉकी के क्षेत्र में भारत का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया। इसी दिन विद्यालय में रस्साकशी जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी कराई गईं, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया।31 अगस्त को खेल दिवस के अंतिम दिन सेंट जोसेफ विद्यालय से ही साइकिल रैली की शुरुआत हुई। खेल एवं युवा कल्याण विभाग विकासखंड पाली युवा समन्वयक रेशमा श्याम शर्मा एसडीओपी पाली शिवचरण बोहित और पाली टीआई राजेश चंद्र मिश्रा ने रैली में भाग लिया। यह रैली साईं मंदिर होते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरकर शासकीय कॉलेज में संपन्न हुई।कॉलेज पहुंचने के बाद बच्चों द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस मौके पर एसडीओपी पाली और पाली थाना प्रभारी ने स्वयं क्रिकेट खेलते हुए मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी। खेल दिवस के समापन अवसर पर बच्चों और सहयोगी शिक्षकों ने गीतों और नारों के माध्यम से खेलों के महत्व पर संदेश दिया।सेंट जोसेफ विद्यालय में हुए इन आयोजनों ने न केवल बच्चों को खेलों से जोड़ने का काम किया बल्कि उन्हें अनुशासन, टीम भावना और राष्ट्रीय गौरव के महत्व को भी समझाया। उत्साह और उमंग से भरे इस आयोजन में सभी ने संकल्प लिया कि वे खेलों के जरिए स्वस्थ जीवन और राष्ट्र गौरव की परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।

# छलकपट करने वाला दुर्गति को प्राप्त होता है

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**



दिगम्बर जैन समाज पंचायत महासभा के तत्वाधान में जैन बोर्डिग हाउस परिसर में पर्यूषण के तीसरे धर्म उत्तम आर्जव धर्म पर चर्चा करते हुये पदम सागर महाराज ने कहा मन मे होय सो वचन करिये वचन होये सो तन से करिय याने मन वचन और काय की एक रूपता जिसके जीवन में होती है उसका जीवन शांत एवं सुखमय होता है। मुनिश्री ने आगे कहा की अभिमान का त्यागकर स्वाभिमानी बने उन्होने ने आगे बतलाया कि मायाचारी, छलकपट करने वाले को तिर्यंच गति की प्राप्ति होती है और वह दुर्गती को प्राप्त होता है।

अतः दुर्गती से बचने के लिये मायाचारी,छलकपट का त्याग करे उत्तम शब्द सम्यक दर्शन को बताता हैं अर्थात सच्चे देव शास्त्र गुरूओं की श्रद्धा एवं सात तत्वों की श्रद्धा सहित मन वचन काय में सरलता को उत्तम अर्दव धर्म कहते है।

'शांतिधारा करने का सौभाग्य श्री 1008 चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन बंगला मंदिर के श्रद्धालुओं के साथ महेन्द्र कुमार अमित कुमार जैन कोयला वालों को प्राप्त हुआ तथा आहार चर्या रूपेश जैन गांधीगंज वाले को सम्पन्न हुई। तत्वार्थसूत्र का वाचन बंगला मंदिर पाठशाला के बच्चों के द्वारा किया गया रात्रि में दिगम्बर जैन सोशल गुरप मैन द्वारा भजन प्रतियोगिता आयोजित की गई ।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप मेंन कटनी द्वारा भजन संध्या गायन प्रतियोगिता का आयोजन जैन बोर्डिंग हाउस में किया गया जिसमें सभी 12 प्रतियोगिताओं को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया एवं प्रथम पुरस्कार श्रीमान शरद जैन द्वितीय पुरस्कार श्रीमती नेहा अखिलेश जैन तृतीय पुरस्कार श्रीमतीखुश्बू जैन को प्राप्त हुआ निर्णायक मंडल में श्रीमती ऋतु जैन एवं गायत्री जैन तथा सांगानेर से पधारे विद्वान पंडित द्वारा निर्णय दिया गया।

# डीआईजी शहडोल रेंज ने किया थाना पाली और पुलिस सहायता केंद्र मंगठार का आकस्मिक निरीक्षण, गणेशोत्सव को लेकर दिए सुरक्षा निर्देश

**मरियाशहडोल**



रेंज की पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) सुश्री सविता सोहाने ने उमरिया जिले के थाना पाली और पुलिस सहायता केंद्र मंगठार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओपी पाली, थाना प्रभारी पाली एवं पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी मंगठार मौके पर मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने पुलिस व्यवस्था की जानकारी ली और विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की।निरीक्षण के बाद सुश्री सोहाने ने गणेशोत्सव पर्व के दृष्टिगत पाली क्षेत्र के कई ग्रामों और रेलवे स्टेशन का भ्रमण भी किया। उन्होंने स्थानीय पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्व के दौरान भीड़भाड़ वाले इलाकों और धार्मिक आयोजनों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि गणेश उत्सव का आयोजन पूरे उत्साह और शांति के साथ होना चाहिए, जिसके लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहना अनिवार्य है।डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों को हिदायत दी कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, गश्त बढ़ाने और सीसीटीवी निगरानी को सक्रिय रखने के निर्देश दिए। साथ ही रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने को कहा।ग्राम भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी संवाद स्थापित किया और लोगों से आपसी सहयोग बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार सामूहिक सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है, इसलिए इसे शांति और आपसी सहयोग से मनाना चाहिए।पुलिस उपमहानिरीक्षक ने थाना और पुलिस सहायता केंद्र का निरीक्षण करते समय अभिलेखों, वाहन व्यवस्था, स्टाफ की हाजिरी, शस्त्रागार और रिकॉर्ड की भी जांच की। उन्होंने थाने में स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि थाना और सहायता केंद्र में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति से संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार किया जाए।इस मौके पर एसडीओपी पाली और थाना प्रभारी ने क्षेत्र की वर्तमान कानून व्यवस्था, चल रही जांचों और आगामी त्योहारों को देखते हुए की गई तैयारियों की जानकारी दी। डीआईजी ने अधिकारियों की तैयारियों की सराहना की और कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस की सक्रियता आमजन को सुरक्षा का भरोसा देती है।

## महापौर ने रिवर फ्रंट योजना के तहत कराए जा रहे विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

# तय समय में गुणवत्ता के साथ सभी विकास कार्य पूर्ण कराने के दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

नागरिकों की सुविधा एवं शहर की सुंदरता में वृद्धि के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा रिवर फ्रंट योजना के तहत कटाएघाट, मोहन घाट और मसुरहाघाट में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत नदी तट का समुचित विकास एवं सौंदर्यीकरण कर नागरिकों को मनोरंजन, स्वास्थ्य लाभ और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा शुक्रवार शाम कटाएघाट पहुंचकर नदी के किनारे रिवर फ्रंट योजना के तहत 6 करोड़ रुपए की लागत से कराए जा रहे पिचिंग, वॉल निर्माण, पाथवे, ग्रीनरी, लाइटिंग, ड्रेन एवं विभिन्न सौंदर्यीकरण कार्यों का औचक निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के ठेकेदारों को तय समय-सीमा में मानक गुणवत्ता के साथ सभी कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व श्री सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी श्रीमती बीना बैनर्जी, सहायक यंत्री सुनील सिंह, उपयंत्री अश्वनी पांडेय सहित निर्माण एजेंसी के ठेकेदारों की मौजूदगी रही।

### भगवान शिव की प्रतिमा करें स्थापित

महापौर श्रीमती सूरी द्वारा कटाएघाट नदी किनारे संपूर्ण निर्माण स्थलों का पैदल चलकर बारीकी से निर्माण कार्यों का जायजा लेकर नागरिकों की सुविधा हेतु घाट निर्माण का शेष कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान कटाएघाट नदी के बीचों बीच स्थित पुरानी चट्टान पर भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही मार्ग के बाएं तरफ मंदिर पहुंच मार्ग की ओर पूर्व निर्मित पुराने लंबे चबूतरे पर सौंदर्यीकरण की दृष्टि से रैंप, प्रकाश व्यवस्था एवं पुरानी चट्टानों पर प्राकृतिक झरने का निर्माण कार्य कराकर उक्त स्थल को भी विकसित करने के निर्देश दिए।

### रेलिंग लगाकर करे विकसित

महापौर श्रीमती सूरी ने श्री राम जानकी मंदिर के सामने स्थित चबूतरे के चारों ओर रेलिंग लगाकर स्थल को विकसित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

### ग्रीनरी एरिया का निरीक्षण

महापौर श्रीमति सूरी ने सुलभ के बाजू वाले रिक्त स्थल पर विकसित कराए गए ग्रीनरी एरिया का जायजा लेकर संतोष व्यक्त किया तथा यहां आने वाले नागरिकों की बैठक व्यवस्था हेतु आधुनिक बेंच स्थापित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्थल पर कराए जा रहे सेल्फ़ी पॉइंट निर्माण, पेवरब्लॉक फ्लोरिंग कार्य, पिचिंग कार्य, वाल निर्माण, मार्ग के किनारे निर्मित क्यारी आदि कार्यों का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं, ताकि नागरिक जल्द से जल्द इस योजना का लाभ उठा सकें।

### पर्यटन गतिविधियों को मिलेगा प्रोत्साहन

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि इस योजना के पूर्ण होने पर शहर के नागरिकों को जहां स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिलेगा वहीं नदी तट पर पर्यटन गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

### सुरम्य पार्क का किया निरीक्षण

महापौर श्रीमती सूरी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा सुरम्य पार्क पहुंचकर वहां की विभिन्न व्यवस्थाओं का भी औचक निरीक्षण किया गया।

# खेल महोत्सवः गांव से लेकर लोकसभा स्तर तक होंगे खेल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आज खजुराहो संसदीय क्षेत्र के विधायकों, जिला अध्यक्षो और जनप्रनिधियों की वर्चुअल बैठक की। बैठक में सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सांसद खेल महोत्सव 2025 की तैयारी की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्षजेपी नड्डा के निर्देश पर हर संसदीय क्षेत्र में व्यापक स्तर पर खेलो का आयोजन किया जाएगा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पोर्टल लांच किया गया है और 25 दिसम्बर पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की जयंती पर इसका समापन होगा समापन पर प्रधानमंत्री मोदी हर संसदीय क्षेत्र के प्रतिभागियों से सीधे जुडेंगे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि ग्रामीण स्तर से लेकर लोकसभा स्तर तर अलग अलग खेलों का आयोजन किया जाएगा। खेल महोत्सव में ग्रामीण और स्थानीय खेलों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगो के खेल और शारीरिक फिटनेस के बढावा देने के खेल महोत्वस करने का निर्देश दिया है। इस वर्ष खेल महोत्सव की थीम एक घंटा खेल मैदान में है। विष्णुदत्त शर्मा ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वो अपने क्षेत्र में नीचे तक जाए और खेल के प्रति जागरूकता फैलाए। युवाओं के इस खेल महोत्सव से जोडे। इस अवसर पर कटनी से जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, विधायकगण संजय सत्येंद्र पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडेय, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, खेल महोत्सव संयोजक समिति सहसंयोजक सुनील उपाध्याय वर्चुअल बैठक में शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### अवैध रेत उत्खनन पर संयुक्त कार्रवाई मे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन तथा उपसंचालक खनिज प्रशासन के मार्गदर्शन में शनिवार की रात्रि लगभग 2.00 बजे बिजुरी अंतर्गत ग्राम बेलगांव स्थित कनई नाले से अवैध रेत उत्खनन किए जाने संबंधी प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की गई। प्राप्त शिकायत की जांच हेतु नायब तहसीलदार वृत आमाडाड, पुलिस थाना बिजुरी एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान दो ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत से भरी हुई पाई गईं। इनमें एक सोनालिका कंपनी का ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 54 एए 1864 तथा एक स्वराज कंपनी का बिना नंबर का ट्रैक्टर शामिल है। दोनों वाहनों को जब्त कर थाना बिजुरी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। दोषियों के विरुद्ध न्यायालय कलेक्टर में प्रकरण दर्ज किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि खनिज संसाधनों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जाएगी तथा दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

### जीवेन्द्र सिंह नियुक्त गये जिला प्रभारी



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जीवेन्द्र सिंह को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अनूपपुर जिले के मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले द्वारा नियुक्त पत्र प्रदान करते हुये कहा गया कि आपकी यह जिम्मेदारी जिला के लोकतांत्रिक सशक्तिकरण में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप अपनी कर्मठता, लगन और नेतृत्व क्षमता से इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। श्री सिंह के नियुक्ति पर कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### जश्ने ईद मिलादुन्नबी 5 सितम्बर को




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर अंजुमन इस्लामियाँ कमेटी अनूपपुर के जनिब से जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष इरशाद अहमद व सदर मो लियाक़त अली की सरपरसती मे 5 सितम्बर को बाद नामज ईशा बच्चों का नात, प्रोग्राम, मदरसे मे कुरान शरीफ मुकम्मल किये गए बच्चों का इस्तीकबाल व इस साल कक्षा 10वीं व 12 वी पास बच्चों को इनाम का प्रोग्राम जामा मस्जिद के सामने रखा गया है। सदर मो लियाक़त अली ने जानकारी देते हुए बताया कि जश्नें ईद मिलादुन्नबी का मतलब है हज़रत मुहम्मद का जन्म दिन है। यह त्यौहार 12 रबी अल-अव्वल को मनाया जाता है मिलादुन्नबी संसार का सबसे बड़ा जशन माना जाता है, जिसे मनाने के लिए अनूपपुर मे भी तैयारी जोरो पर है। 06 सितम्बर को जुमा की नमाज के बाद जुलुस निकाला जाएगा जो मस्जिद के सामने से होता हुआ थाने चौराहा व बस स्टैंड जायेगा जहाँ पर बस स्टैंड युवा कमेटी द्वारा जुलूस का जोरदार इस्तकबाल किया जाएगा।

### जिले में 1 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज़ अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 1 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई।

## स्कूलों के पास खुलेआम बिक रहे नशे के सामान, जिम्मेदार बने अंजान

# छात्रों के दिमाग को खोखला कर रहे सिगरेट, गुटखा और जर्दा

**जिले भर में बेधड़क हो रही नियमों की अनदेखी**

**नियमों के पालन की स्कूल और आफिसों की दीवारों पर लाल पीक दे रहे स्पष्ट गवाही**

जिले में शैक्षणिक संस्थानों के आसपास बेधड़क होकर खुलेआम तंबाकू और गुटखे की बिक्री की जा रही है, जिसके कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।





**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

सरकारी नियमों के बावजूद, स्कूल और कॉलेजों के सौ मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध का पालन नहीं हो रहा है जिले भर मे कई ऐसी दुकानें संचालित हो रही हैं, जहां से छात्र तंबाकू उत्पाद खरीदते हुए देखे जा सकते हैं और जिम्मेदार अधिकारी इन उल्लंघनों के खिलाफ कार्रवाई करने में उदासीन दिखाई देते हैं, जिससे यह समस्या बदस्तूर जारी है। जब जिला मुख्यालय मे ही भर्रेशाही चरम पर है तो ग्रामीण इलाकों का हाल समझा जा सकता है। नियमानुसार स्कूल परिसर से सौ मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों के बेचने पर प्रतिबंध है, लेकिन अधिकांश स्कूल के आसपास लगी गुमठियों और ठेलों पर तंबाकू उत्पादों की खुलेआम बिक्री हो रही है। शहर सहित जिले में शैक्षणिक संस्थानों के आसपास गुटखा-सिगरेट की दुकानें शासन के आदेश को धता बताकर संचालित की जा रही है। जिसका स्कूली विद्यार्थियों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इधर जानकारी के बाद भी जिम्मेदारों की ओर से ऐसी दुकानों के खिलाफ कार्रवाई का अभाव है। जबकि शासन का आदेश है कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान के सौ मीटर के दायरे में मादक पदार्थ, पान-गुटखा की दुकानों का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है, लेकिन फिर भी ऐसा बेखौफ किया जा रहा है जिस पर कार्रवाई करने वाले ही उदासीन हैं।

### शहर से ग्रामीण क्षेत्रों का एक ही हाल

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में स्कूलों के आसपास ऐसी कई दुकानें संचालित हो रही हैं। इन दुकानों के नहीं हटने से स्कूली बच्चों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसे लेकर कई बार शिकायत भी दर्ज कराई जाती हैं। इसके बावजूद भी अनदेखी की जा रही है। गुमठियों पर इन छात्रों को बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला गुटखा खरीदते हुए भी देखा जा सकता है। मजेदार बात तो यह है कि छात्र ही नहीं शिक्षक भी गुटखा चबाते हुए नजर आते हैं। गुमठियों पर चाय व नाश्ता के साथ ही बीड़ी सिगरेट गुटखा व मसाला की बिक्री की जा रही है, जबकि तंबाकू उत्पादों में करीब 61 तरह के कैंसर कारक होते हैं। इससे कई लोग कैंसर की चपेट में आ गए हैं। इसके बाद भी लोग लगातार इसका सेवन कर स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

### कोटपा एक्ट के पालन में कोताई

नशे पर प्रतिबंध लगाने के लिए शासन ने कोटपा एक्ट का नियम लागू किया है, लेकिन इसका पूरा पालन नहीं हो पा रहा है। स्कूल परिसर के आसपास तो ऐसी सामग्री का विक्रय प्रतिबंधित है, लेकिन बाजार में भी अब किराना, स्टेशनरी और कंफेक्शनरी दुकानदार भी तंबाकू सामग्री के पाउच, गुटखा आदि पूरी तरह सुसज्जित कर टांगे रहते हैं। जिन पर भी कार्रवाई नहीं होती। अगर कोई भी नियम का उल्लंघन करता है, तो उस पर नोटिस देने के साथ-साथ जुर्माना वसूलने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश हैं, परंतु जिले भर के शिक्षण संस्थानों के आसपास ऐसे पान ठेले मौजूद हैं, इसके बाद भी जिला प्रशासन सहित संबंधित विभाग कार्यवाही करने से गुरेज कर रहा है।

### स्कूल और आफिसों की दीवारें दे रहीं गवाही

सौ मीटर के दायरे में तंबाकू व सिगरेट के विक्रय पर प्रतिबंध नियमों के अंतर्गत लगा होने के बाद भी इस पर अमल करा पाना संबंधितों के लिए मुश्किल हो रहा है। हकीकत देखें तो स्कूलों में शिक्षक से लेकर बच्चे तक धड़ल्ले से स्कूल परिसर में ही सिगरेट और पान मसाला उड़ा रहे हैं। यूं तो शिक्षा विभाग ने शिक्षण संस्थानों में तंबाकू सेवन और उसके आसपास सिगरेट, गुटखा और तंबाकू की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी है, लेकिन जिले में इस आदेश का अनुपालन दूर दूर तक कहीं नजर नहीं आ रहा है। स्कूल परिसर और आफिसों की दीवारों पर पीक के लाल दाग इस बात की गवाही स्पष्ट तौर पर देते हैं कि नियमों का कितना पालन हो रहा है।

### क्यों पड़ती है लत

तंबाकू में निकोटीन नामक पदार्थ की वजह से लत पड़ती है। यह मस्तिष्क में जाकर क्षणिक रूप से आनंद की अनुभूति का अहसास करवाता है। रक्त में निकोटीन का स्तर कम होने पर दुबारा इसकी तलब लगती है और व्यक्ति दुबारा तंबाकू का सेवन करता है जो लत में बदल जाती है। भारत तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता एवं उत्पादक देश है। विश्व स्तर पर तंबाकू के सेवन की वजह से हर साल करीब 80 लाख लोगों की मौत होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 10 लाख व्यक्ति ऐसे होते हैं, जो स्वयं धूम्रपान नहीं करते, परंतु उसके धुएं के संपर्क में लगातार बने रहते हैं। भारत में करीब 26 करोड़ से ज्यादा लोग तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। जिसमें से हर साल 10 लाख लोगों की तंबाकू सेवन से मौत हो जाती है।

### आगे की कार्रवाई

नशे की बुराई को दूर करने के लिए सरकार ने शिक्षा विभाग से प्रयास तो शुरू किए, लेकिन सफल नहीं हुये। जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षक ही गुटखा और तम्बाकू खा रहे है वहीं स्कूल के आसपास खुली दुकानों में स्टेशनरी बेचने के नाम पर गुटका और तम्बाकू बिक रहे है। जिले के शासकीय और अशाकीय शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू से मुक्त करने के आदेश कागजों में कैंद हो गए है। शिक्षण संस्थाओं ने इस काम से बचने के लिए तम्बाकू मुक्त स्कूल की गाईडलाइन को कागजों से बाहर नहीं निकलने दिया। इस समस्या को रोकने के लिए, अधिकारियों को नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना चाहिए और तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने वाली दुकानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। छात्रों और शिक्षकों को भी तंबाकू के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना चाहिए और उन्हें इस समस्या से लड़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

### इनका कहना है

जल्द ही टीम बनाकर जिले के शिक्षण संस्थानों के आसपास संचालित दुकानों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**हर्षल पंचोली**
**कलेक्टर, अनूपपुर**

## किसान की चोरी हुई ट्रैक्टर ट्रॉली को कोतमा पुलिस ने किया बरामद



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

26 अगस्त को विनोद केवट पिता शिवप्रसाद केवट निवासी पचखुरा की ट्रेक्टर ट्राली की चोरी होने की सूचना पर थाना कोतमा में धारा 303(2) बीएनएस का अपराध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। गरीब खेतिहर किसान की ट्रेक्टर ट्राली चोरी होने की सूचना को जिले के संवेदनशील पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी कोतमा को प्रयास कर शीघ्र पता तलाश के लिए निर्देशित किया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मंसूरी तथा एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ला ने चोरी हुई ट्रैक्टर ट्रॉली की पतासाजी हेतु टीम गठित की। पुलिस टीम ने लगातार प्रयास कर घटनास्थल तथा आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह सीसीटीव्ही फुटेज को खगांला एवं संदेहियों से पूछताछ किया गया। काफी प्रयास तथा सक्रिय मुखबिर तंत्र की मदद से संदेही आरोपी संतोष सिंह गोंड़ निवासी मैनटोला थाना बिजुरी से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि मैं एवं हरीलाल सिंह गोंड़ निवासी मैनटोला थाना बिजुरी हरीलाल सिंह का ट्रैक्टर इंजन लेकर हम दोनों पचखुरा पहुंचकर सड़क किनारे रखे ट्राली को हरीलाल के ट्रेक्टर के इंजन में फसा कर चोरी करके बचते बचाते लेकर ट्राली को हरीलाल गोंड़ निवासी मैनटोला बिजुरी के घर के बाड़े में छिपाकर रख दिये थे। जिसे पुलिस द्वारा आरोपी संतोष सिंह गोंड़ की निशादेही पर ट्रेक्टर ट्राली को हरिलाल गोंड़ के घर के बाड़े से जप्त कर थाना लाकर सुरक्षित खड़ा किया गया है। जप्तशुदा ट्रेक्टर ट्राली तथा अपराध में प्रयुक्त ट्रैक्टर इंजन की कुल कीमत तकरीबन 6 लाख रूपये है। मामले का अन्य आरोपी हरीलाल सिंह गोंड़ फरार है जिसकी पता तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतमा रत्नाम्बर शुक्ल के साथ प्रधान आरक्षक दिनेश राठौर, रामखेलावन यादव, आरक्षक जितेन्द्र मण्डलोई, आरक्षक चालक अनिल मरावी की भूमिका रही।

## राधा रानी भजन मंडली ने पंडाल में भजन गाकर मनाया गणेश उत्सव

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।**

नगर परिषद बनगवां ( राजनगर) क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 में जोड़ा तालाब सूर्य मंदिर के पास, गणेश पंडाल में गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। शनिवार को शाम पांच बजे से नगर की लोकप्रिय भजन मंडली, महिलाओं द्वारा संचालित राधा रानी भजन मंडली द्वारा गणेश उत्सव के शुभ अवसर पर भजन का कार्यक्रम किया गया। जो देर शाम तक चला। नगर में अच्छे कलाकारों के उपलब्धता के साथ पहली बार नगर की महिलाओं द्वारा राधा रानी भजन मंडली का गठन कर, धार्मिक अनुष्ठानों पर, तीज, त्योहारों पर, सावन माह, पर सुंदरकांड, जन्मदिन, पर सुंदरकांड पाठ तथा रामायण पाठ किया जाता है, साथ ही साथ जिनके पारिवारिक सदस्यों का जन्मदिन रहता है। वह परिवार जन इस राधा रानी भजन मंडली राजनगर को आमंत्रित कर सुंदरकांड पाठ, तथा रामायण पाठ, व भजन कीर्तन का कार्यक्रम का आयोजन करवाते हैं। गणेश उत्सव के शुभ अवसर पर राधा रानी भजन मंडली के द्वारा वार्ड क्रमांक 5, जोड़ा तालाब सूर्य मंदिर के पास गणेश पंडाल में भजन कीर्तन का इस मंडली द्वारा कार्यक्रम किया गया। जिसमें इन महिला कलाकारों द्वारा एक से एक बढ़कर भजन गाकर गणेश उत्सव पर पंडाल की शोभा बढ़ा दी। जिससे पूरा पंडाल भक्ति में हो गया है। नगर की राधा रानी भजन मंडली में सभी कलाकारों में गायिका प्रीति पांडे, ममता श्रीवास्तव, तुलसा जायसवाल, बेबी, रेखा श्रीवास्तव, ढोलक वादक विष्णु चौधरी के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन गाकर अच्छा प्रदर्शन किया। भजन के समय पंडाल में पूरा भक्ति मय माहौल बन गया। महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ रही। गणेश उत्सव पंडाल कमेटी द्वारा सभी कलाकारों का सम्मान किया गया तथा पंडाल में पधारे सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में भगवान गणेश की आरती पश्चात समस्त लोगों को पुलाव और कढ़ी का प्रसाद वितरण किया गया।



### पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पेंशनरों की लंबित न्यायोचित मांगो के शीघ्र निराकरण के लिए प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिलाध्यक्ष शंभू प्रसाद शर्मा के नेतृत्व मे भारत के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे लेख किया गया कि प्रदेश के 5 लाख पेंशनर्स की ज्वलंत लंबित समस्याओं का निराकरण नहीं होने से पेंशनर्स एवं उनके परिवार में घोर असंतोष व्याप्त है। यहां तक कि केंद्र के समान ना तो महंगाई राहत दी जा रही है और ना ही स्वास्थ्य संबंधी अन्य लाभ दिए जा रहे है। इससे पेंशनर्स का मनोबल गिरा है। पेंशनर्स की न्यायोचित मांग जस की तस है। उन पर कोई विचार नहीं किया गया, पेंशनर्स को लंबित वित्तीय लाभो से वंचित किया जा रहा है।

## एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर राष्ट्रव्यापी विचार एवं सुझाव सम्मेलन का किया गया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज़ कोतमा।**



एक राष्ट्र एक चुनाव कराए जाने को लेकर राष्ट्रव्यापी विचार एवं सुझाव सम्मेलन का आयोजन रविवार को अग्रसेन धाम में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित आर्य सेवानिवृत न्यायधीश उच्च न्यायालय ग्वालियर खंडपीठ, दिलीप जायसवाल मंत्री, नपा अध्यक्ष अजय सराफ, अवधेश ताम्रकार, साहबिन पनिका, यशवंत सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ता, शिक्षक, नागरिक एवं युवा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रोहित आर्य ने अपने भाषण की शुरुआत नारी शक्ति को प्रणाम करते हुए कहा कि हम सब राष्ट्र हित के लिए प्रमुख विषय पर चर्चा करने बैठे है। जिसकी पहल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। यह चुनाव देश को निरंतर उन्नति की ओर ले जाएगा। भारत देश को 800 वर्ष मुगलों एवं 200 वर्ष अंग्रेजो ने गुलाम बनाया इसके बाद भी सनातन धर्म अभी भी मजबूती से खड़ा है। सनातन ही भारत की पहचान है। सनातन धर्म ही पूरे विश्व में सबसे पुराना है। गीता का संदेश भी यही है कि कर्म प्रधान होना चाहिए। धर्म से ही कानून की जननी है। सभी सुखी और सम्पन्न रहे जिस देश की भावना है उसका विकसित होना तय है। किसी भी धर्म, जाती, समुदाय के हो सब को सामाजिक, आर्थिक न्याय समान रूप से मिलना चाहिए। संविधान देश की आत्मा है। हम सब की परीक्षा है कि एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान को मजबूती प्रदान करे यह सशक्त राष्ट्र का निर्माण करेगा। आर्थिक बोझ से निजात मिलेगी। देश आजाद होने के बाद 1952 से 67 तक लोकसभा एवं विधानसभा एक साथ होते थे। कुछ कुटिल नीतियों के कारण निर्वाचित सरकार को रोक जाने लगा। 2014 से 24 तक में 40 चुनाव हो चुके। साढ़े 4 लाख करोड़ से साढ़े 7 लाख का खर्च आता है। एक चुनाव होने से लाखों करोड़ी रुपए की बचत होगी जिसका उपयोग शिक्षा स्वास्थ्य सहित अन्य विकास में उपयोग होंगे। बार बार चुनाव लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। बार बार आचार संहिता लगती है जनता के कार्य प्रभावित होते है। राजस्व, शिक्षा सहित अन्य विभाग कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में रहते है। चुनाव लोकतंत्र का प्राण है। चुने हुए उम्मीदवार सरकार बनाते है। वर्तमान में लोकतंत्र केवल चुनावी दंगल बनकर रह गया है। जनता हाशिए में खड़ी है। आने वाली पीढ़ी के बारे में भी सोचना है। समय आ गया है चुनावी सरदर्द से निजात मिलना चाहिए। समाज में कटुता फैलती है। अस्थिर सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा सकती। जनता के हित में निर्णय नहीं हो पाते। एक राष्ट्र एक चुनाव होगा तो केंद्र की नीतियां राष्ट्र हित में बनेगी। 5 साल में एक चुनाव से चुनावी कटुता कम हो जाएगी। वोट की राजनीति बंद हो जाएगी । 5 शाल में एक बार चुनाव होने से पार्टियां एक साथ चुनाव लड़ेगी। देश का उद्धार होगा। अर्थ व्यस्था मजबूत होगी। मुद्रा स्फूर्ति घटेगी। 2014 से 25 की स्थिर सरकार का असर देखिए। राष्ट्र रहेगा तो लोकतंत्र रहेगा। लोकतंत्र रहेगा तो चुनाव रहेगा। हर दृष्टि से लाभकारी है। सभी लोग समाज में एक दूसरे से चर्चा कर जागरूक करे। उपस्थित सभी को संकल्प दिलाया गया। लोकसभा, विधानसभा एवं नगरीय निकाय के चुनाव एक साथ कराए जाने के लिए संकल्प दिलाया गया। स्वास्थ्य लोकतंत्र एवं राजनैतिक न्याय के लिए देश के प्रधान मंत्री के सपने को पूरा करेंगे। मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि एक देश एक चुनाव से देश सशक्त एवं विकसित होगा । 2047 में आजादी का सौवां वर्ष मनाए तो देश मजबूत और विकसित हो। राष्ट्र सर्वोपरि है जिसके हित में एक राष्ट्र एक चुनाव होना चाहिए। कई कठिनाई भी आती है। एक साथ सभी चुनाव होने से मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा। 21वीं सदी भारत की होगी। हम सभी को आत्मनिर्भर भी बनना है। विकसित भारत का सपना हम सभी के सहयोग से ही संभव है।